Roll No.----------------------

| Paper Code | | |
|---|---|---|
| 1 | 3 | 1 |

(To be filled in the OMR Sheet)

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक
Question Booklet No.

O.M.R. Serial No. 

प्रश्नपुस्तिका सीरीज
Question Booklet Series
**A**

# बी०ए० (भाग–3) परीक्षा–2022

## (280–N)

## हिन्दी साहित्य

## प्रश्नपत्र–(द्वितीय)

**(Hindi Nibandh Tatha Anya Gadya Vidhyain)**
**(Old Course)**

**समय : 2:00 घण्टा** **पूर्णांक–50**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सीरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से सभी 100 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

131

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

1. आलोचकों ने किस विधा को गद्य की कसौटी माना है ?

(A) कहानी

(B) निबन्ध

(C) संस्मरण

(D) नाटक

2. किसी घटना, दृश्य, वस्तु या व्यक्ति का पूर्ण रूपेण आत्मीयतापूर्वक याद करना कहलाता है :

(A) रेखाचित्र

(B) जीवनी

(C) संस्मरण

(D) आत्मकथा

3. हिन्दी निबन्ध की विकास यात्रा का सम्यक अध्ययन करने के लिए उसे कितने कालखण्डों मे विभाजित किया गया है ?

(A) तीन

(B) चार

(C) पाँच

(D) छः

4. 'काव्य मंजुषा' किसकी रचना है ?

(A) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) आचार्य हजारी प्रसाद

(C) आचार्य नन्द दुलारे बाजपेयी

(D) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

5. 'मेघदूत' निबन्ध में किस राजा के साम्राज्य का चित्रण किया गया है ?

(A) इन्द्र

(B) वरूण

(C) कामदेव

(D) कुबेर

6. कहानी से मिलती–जुलती साहित्यिक विधा है :

(A) संस्मरण

(B) रेखाचित्र

(C) आत्मकथा

(D) जीवनी

7. ''जिस तरह पके हुए अंगूर का रस बाहर से झलकता है, उसी प्रकार गुण परिलुप्त कविता का भावार्थ शब्दों के भीतर झलकता है।''

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस निबन्ध से ली गयी है ?

(A) छायावाद

(B) लज्जा और ग्लानि

(C) मेघदूत

(D) कुटज

8. हिन्दी साहित्य में संस्मरण विधा का प्रारम्भ किस युग से होता है ?

(A) भारतेन्दु युग

(B) द्विवेदी युग

(C) शुक्ल युग

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

9. मेघदूत में यक्ष का प्रेम किससे सम्बन्धित है ?

(A) पत्नी से

(B) प्रेयसी से

(C) राजा से

(D) राज्य से

10. अपने किसी किये हुए कार्य की बुराई को स्वीकार कर लेने में जो पश्चाताप की भावना जागृत होती है, उसे कहते हैं :

(A) लज्जा

(B) संकोच

(C) पश्चाताप

(D) ग्लानि

11. निबन्ध विधा को उत्कर्ष पर पहुँचाने वाले निबन्धकार हैं :
(A) डॉ० नगेन्द्र
(B) बाबू गुलाबराय
(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(D) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

12. कवि का काम वैज्ञानिक के काम से भिन्न होता है। वैज्ञानिक प्रत्येक पदार्थ को उसके यथार्थ रूप में देखता है। परन्तु यदि कवि ऐसा करे तो उसकी कविता का सौन्दर्य, प्रायः विनष्ट हो जाये। उक्त कथन किस निबन्ध से लिया गया है ?
(A) सौन्दर्य की उपयोगिता
(B) मेघदूत
(C) छायावाद
(D) कुटज

13. प्रसाद जी के किस काव्य में मानव जीवन के विविध पहलुओं के साथ जीवन सत्य के समन्वय का प्रयत्न किया गया है ?
(A) लहर
(B) झरना
(C) आँसू
(D) कामायनी

14. आधुनिक परिवर्तनशील समाज व्यवस्था और विचार–जगत में छायावाद भारतीय आध्यात्मिक की नवीन परिस्थिति के अनुरूप स्थापना करता है।
उपर्युक्त कथन किस लेखक का है ?
(A) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(C) आचार्य नन्ददुलारे बाजपेयी
(D) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

15. कबीर किस काव्यधारा के कवि हैं ?
(A) ज्ञान मार्गी काव्यधारा
(B) प्रेम मार्गी काव्यधारा
(C) कृष्ण मार्गीय काव्यधारा
(D) राम मार्गीय काव्यधारा

16. 'मेघदूत' निबन्ध में कुछ विद्वानों के अनुसार कालिदास की जन्म भूमि है :

(A) अलका

(B) विदिशा

(C) उज्जयिनी

(D) काश्मीर

17. ''इस दण्ड–विधान के भीतर कोई ऐसी धारा नहीं थी, जिसके अनुसार खोटे सिक्कों की टकसाल–जैसी पत्नी से पति को विरक्त किया जा सकता।''

उपर्युक्त कथन किसका है?

(A) हरिशंकर परसाई

(B) महादेवी वर्मा

(C) विष्णु प्रभाकर

(D) बालमुकुन्द गुप्त

18. सामाजिक दुर्बलता को जन्म देती है :

(A) घृणा

(B) ग्लानि

(C) लज्जा

(D) करूणा

19. कुटज सुखी है क्योंकि वह :

(A) मन पर सवारी करता है

(B) घोड़े पर सवारी करता है

(C) बुद्धि पर सवारी करता है

(D) हाथी पर सवारी करता है

20. मनुष्य में शील और भल– मनसाहत का संस्थापक है :

(A) श्रद्धा

(B) लज्जा

(C) संकोच

(D) ग्लानि

21. सौंदर्य की कसौटी है :

(A) मनुष्य की वेश–भूषा

(B) मनुष्य का व्यवहार

(C) मनुष्य का रहन–सहन

(D) मनुष्य की सुंदरता

22. ''यह अवश्य मानना होगा कि साकारोपासक कवियों ने सांस्कृतिक, नैतिक और जीवन के व्यावहारिक पक्षों का विस्तृत दिग्दर्शन कराया है।

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस निबन्ध की है ?

(A) मेघदूत

(B) कुटज

(C) तुम चन्दन हम पानी

(D) छायावाद

23. साहित्य से क्या मिलता है ?

(A) आनन्द

(B) बुद्धि

(C) बल

(D) दुःख

24. सामन्तवादी दृष्टि में सौन्दर्य का पर्याय क्या है ?

(A) नारी

(B) प्रकृति

(C) पुरूष

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

25. अपराजेय जीवन शक्ति का प्रतीक है :

(A) बरगद

(B) पीपल

(C) कुटज

(D) नीम

26. कुटज के वृक्ष किस तरह के होते हैं ?

(A) बहुत लम्बे कद के

(B) ठिगने कद के

(C) बहुत छोटे कद के

(D) बेल की तरह

27. ''जो केवल यह समझकर दुःखी होते हैं कि लोग बुरा समझते हैं यह समझ कर नहीं कि हम बुरे हैं।''
उपर्युक्त पंक्ति किस निबन्ध से लिया गया है ?

(A) मेघदूत

(B) कुटज

(C) लज्जा और ग्लानि

(D) छायावाद

28. कुटज वृक्ष किस पर्वत श्रृंखला पर खड़े हैं ?

(A) शिवालिक

(B) नीलगिरी

(C) सतपुड़ा

(D) उपर्युक्त में से किसी पर नहीं

29. निबंध को विकास की एक नवीन दिशा प्रदान करने की भूमिका में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 'बालकृष्ण भट्ट' किस युग के निबन्धकार हैं ?

(A) भारतेन्दु युग

(B) द्विवेदी युग

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल युग

(D) आधुनिक युग

30. ''कितनी कठिन जीवनी शक्ति है। प्राण ही प्राण को पुलकित करता है, जीवन शक्ति ही जीवनी शक्ति की प्रेरणा है।''
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस निबन्ध की हैं ?

(A) मेघदूत

(B) कुटज

(C) छायावाद

(D) तुम चन्दन हम पानी

31. ''साहित्य की सहायता से हम यथार्थ को समझना ही नहीं चाहते, उसे देखना भी चाहते हैं।''

उपर्युक्त कथन किस लेखक का है ?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) पंडित नन्ददुलारे बाजपेयी

(C) पंडित विद्या निवास मिश्र

(D) डॉ० रामबिलास शर्मा

32. 'विनयपत्रिका' किसकी रचना है ?

(A) कबीरदास

(B) सूरदास

(C) तुलसीदास

(D) कृष्णदास

33. काव्य के क्षेत्र में मिश्र जी किसकी रचना को 'लोहित चन्दन' की तरह माना है ?

(A) तुलसीदास

(B) कालीदास

(C) सूरदास

(D) नन्ददास

34. सौन्दर्य की उपयोगिता के अनुसार जनता किसका स्रोत है ?

(A) सौन्दर्य की

(B) भक्तिभाव की

(C) शत्रुता की

(D) कुरूपता की

35. ''साहित्य से समाज–विज्ञान का गहरा सम्बन्ध है। समाज–विज्ञान, मानव विज्ञान के बदलते हुए मूल्यों को पहचानना सिखाता है।''

उपर्युक्त कथन किस पाठ से लिया गया है ?

(A) छायावाद

(B) लज्जा और ग्लानि

(C) सौन्दर्य की उपयोगिता

(D) अपनी–अपनी हैसियत

36. घड़े से उत्पन्न होने के कारण किस ऋषि को कुटज कहा जाता है ?

(A) अगस्त्य को

(B) विश्वामित्र को

(C) दुर्वासा को

(D) वशिष्ठ को

37. ''मुझे कभी–कभी यह ध्यान आता है कि काठ के टुकड़े की तरह सामान्य रूप से अन्तस के कोने में पड़ा हुआ चिदंश अब तक हमारे जीवन के साथ संवृक्त नहीं होता।''

उपर्युक्त कथन किस निबन्धकार का है ?

(A) डॉ० रामबिलास शर्मा

(B) विद्यानिवास मिश्र

(C) नन्ददुलारे बाजपेयी

(D) महादेवी वर्मा

38. आदिकवि कौन हैं ?

(A) वाल्मीकि

(B) वेदव्यास

(C) कबीर

(D) चन्दबरदायी

39. 'रूपतरंग' काव्य संकलन किसकी रचना है ?

(A) सूरदास

(B) तुलसीदास

(C) रामबिलास शर्मा

(D) महादेवी वर्मा

40. भक्तिन का चूड़ा कर्म सप्ताह में किस दिन सम्पन्न होता था ?

(A) सोमवार

(B) मंगलवार

(C) बुधवार

(D) बृहस्पतिवार

41. ''युगे–युगे क्रान्ति''किसकी रचना है ?

(A) भगवतीचरण वर्मा

(B) विष्णुप्रभाकर

(C) रामबिलास शर्मा

(D) जगदीश चन्द्र माथुर

42. 'शिव शम्भु के चिट्ठे' निबन्ध के लेखक हैं :

(A) श्रीकान्त वर्मा

(B) विष्णुकान्त शास्त्री

(C) बालमुकुन्द गुप्त

(D) हरिशंकर परसाई

43. 'पगडंडियों का जमाना' रचना की विधा है :

(A) नाटक संग्रह

(B) व्यंग्य संग्रह

(C) एकांकी संग्रह

(D) व्यंग निबन्ध संग्रह

44. भक्तिन का असली नाम क्या था ?

(A) लक्ष्मी

(B) पार्वती

(C) सीता

(D) राधा

45. ''सुधियाँ उस चन्दनवन की'' रचना किस विधा के अन्तर्गत आती है ?

(A) निबन्ध संग्रह

(B) संस्मरण संग्रह

(C) काव्य संग्रह

(D) कहानी संग्रह

46. 'दूसरे के पैर' कहानी संग्रह किस साहित्यकार की है ?

(A) विष्णुकान्त शास्त्री

(B) बालमुकुन्द गुप्त

(C) श्रीकान्त वर्मा

(D) हरिशंकर परसाई

47. ''कुछ चन्दन कुछ कपूर की'' निबन्ध संग्रह के लेखक हैं :

(A) विष्णुकान्त शास्त्री

(B) रामबिलास शर्मा

(C) बालमुकुन्द गुप्त

(D) विष्णु प्रभाकर

48. 'कुटज' किस प्रकार का निबन्ध है ?

(A) विवेचनात्मक निबन्ध

(B) वर्णनात्मक निबन्ध

(C) व्यंग्यात्मक निबन्ध

(D) ललित निबन्ध

49. ''मनुष्य को अपने जीवन संघर्ष से सुरभि अर्जित करने का अधिकार तभी मिलता है जब वह अर्पित भाव से संघर्ष में रत होता है।''

उपर्युक्त कथन किस निबन्ध से लिया गया है ?

(A) सौन्दर्य की उपयोगिता

(B) छायावाद

(C) तुम चन्दन हम पानी

(D) मेघदूत

50. निबन्धकार 'कुटज' की समानता किस राजा से की है ?

(A) राजा दशरथ

(B) राजा जनक

(C) राजा दुष्यन्त

(D) उपर्युक्त में किसी से नहीं

51. ''सारी महत्वाकांक्षाएँ सारे अरमान अपनी इसी साधना के पथ में उन्होंने पूरे किए।''

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस पाठ से लिया गया है ?

(A) मेरे पिता

(B) अपनी–अपनी हैसियत

(C) भक्तिन

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

52. 'चिन्तामणि' कितने भागों में विभाजित है ?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) एक भी नहीं

53. 'शृंखला की कड़िया' किसकी रचना है ?

(A) माखनलाल चतुर्वेदी

(B) निराला

(C) महादेवी वर्मा

(D) धीरेन्द्र वर्मा

54. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने मेघदूत को किसका सन्देशवाहक माना है ?

(A) प्रेम का

(B) दया का

(C) करूणा का

(D) गर्व का

55. निम्नलिखित में से महादेवी वर्मा की कौन सी रचना है ?

(A) बोलती प्रतिमा

(B) कुल्लीभाट

(C) जिन्दगी मुसकाई

(D) पथ के साथी

56. यक्ष का संदेश किस रस से परिपूर्ण है ?

(A) श्रृंगार रस

(B) वात्सल्य रस

(C) वीर रस

(D) करूण रस

57. हिन्दी साहित्य जगत में आलोचना का सम्राट किसे कहा जाता है ?

(A) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) आचार्य नन्ददुलारे बाजपेयी

58. 'लज्जा और ग्लानि' किस प्रकार का निबन्ध है ?

(A) समीक्षात्मक

(B) आलोचनात्मक

(C) भावात्मक

(D) विचारात्मक

59. किस काव्यधारा को भारतीय साहित्य में 'स्वर्णकाल' के नाम से जाना जाता है ?

(A) आदिकालीन काव्यधारा

(B) भक्तिकालीन काव्यधारा

(C) रीतिकालीन काव्यधारा

(D) समकालीन काव्यधारा

60. छायावाद के समानान्तर ही एक काव्यधारा और विकसित हुई, उसका नाम है :

(A) हालावाद

(B) मुक्तिवाद

(C) रहस्यवाद

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

61. छायावाद का प्रवर्तक किसे माना जाता है ?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) निराला

(C) आचार्य नन्ददुलारे बाजपेयी

(D) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

62. डॉ० रामबिलास शर्मा को साहित्य जगत में किस रूप में प्रसिद्धि मिली ?

(A) आलोचक के रूप में

(B) निबन्धकार के रूप में

(C) विचारक रूप में

(D) उपर्युक्त में से सभी में

63. प्रयाग महिला विद्यापीठ की स्थापना किसने की ?

(A) पंडित मदन मोहन मालवीय

(B) महादेवी वर्मा

(C) डॉ० रामकुमार वर्मा

(D) डॉ० ब्रजेश्वर वर्मा

64. 'प्रकृति का यही चमत्कार कवि की भाषामें मनुष्य को नाना कल्पनाएँ करने के लिए प्रोत्साहित करता रहता है।'

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस लेखक की है ?

(A) विष्णु प्रभाकर

(B) नन्ददुलारे बाजपेयी

(C) बालमुकुन्द गुप्त

(D) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

65. भक्तिन के माध्यम से महादेवी वर्मा ने चित्रण किया है :

(A) नारी जीवन का

(B) अशिक्षित ग्रामीण भारतीय समस्याओं का

(C) अशिक्षा एवं निर्धनता के बीच एक स्त्री के जीवन का

(D) उपर्युक्त में से सभी का

66. आचार्य नन्ददुलारे बाजपेयी ने 'मानवीय विरह काव्य' के रूप में किस काव्य को देखा ?

(A) आँसू

(B) नागमती का विरहवर्णन

(C) नीरजा

(D) दिनारंभ

67. डॉ० विद्यानिवास मिश्र को किस प्रकार के निबन्धकार के रूप में प्रसिद्धि मिली ?

(A) वर्णनात्मक निबन्धकार

(B) ललित निबन्धकार

(C) विचारात्मक निबन्धकार

(D) भावात्मक निबन्धकार

68. डॉ० विद्यानिवास मिश्र ने प्रभु की समानता किससे की है ?

(A) कमल से

(B) चन्दन से

(C) कपूर से

(D) उपर्युक्त सभी से

69. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के निबन्धों की क्या विशेषता है ?

(A) लोकमंगल की भावना

(B) हास्य एवं व्यंग्य की भावना

(C) विचारों की सम्बद्धत्ता

(D) उपर्युक्त सभी

70. 'तुम चन्दन हम पानी' में मिश्र जी ने किस निबन्ध शैली का प्रयोग किया है ?

(A) भावात्मक

(B) प्रतीकात्मक

(C) व्यंग्यात्मक

(D) उपर्युक्त सभी

71. 'जाको पिया चहै सोई सुहागिन यह नियम सौन्दर्य की वस्तुगत सत्ता के खिलाफ नहीं जाता।' उपर्युक्त कथन किसका है ?

(A) डॉ० रामबिलास शर्मा

(B) आचार्य नन्ददुलारे बाजपेयी

(C) पंडित विद्यानिवास मिश्र

(D) जगदीश चन्द्र माथुर

72. ''सौन्दर्य की उपयोगिता'' नामक निबन्ध डॉ० रामबिलास शर्मा के किस पुस्तक से उद्घृत है ?

(A) मानव सभ्यता का इतिहास

(B) लोकजीवन और साहित्य

(C) भारतीय साहित्य के इतिहास की समस्याएँ

(D) कथा विवेचन और गद्य शिल्प

73. सेवक धर्म में लेखिका भक्तिन को किस रूप में मानती थी ?

(A) आज्ञा विकारी

(B) सेवक धर्म से अनभिज्ञ

(C) हनुमान रूप में

(D) लक्ष्मण रूप में

74. भक्तिन कारागार को किसके समान समझकर भयभीत होती थी ?

(A) मृत्युलोक के समान

(B) यमलोक के समान

(C) नरक के समान

(D) उपर्युक्त में से किसी से नहीं

75. ''मगध' नामक कविता संग्रह पर श्रीकान्त वर्मा जी को कौन सा पुरस्कार मिला था ?

(A) साहित्य अकादमी पुरस्कार

(B) सरस्वती पुरस्कार

(C) ज्ञानपीठ पुरस्कार

(D) शिखर सम्मान

76. हरिशंकर परसाई जी ने विज्ञापनों में क्या पढ़ा ?

(A) वृद्ध चित्र

(B) कम्पनी का नाम

(C) लजीज भोजन

(D) उपर्युक्त सभी

77. बालमुकुन्द गुप्त जी किस ग्रन्थ का नियमित पाठ करते थे ?

(A) भागवत

(B) विष्णुपुराण

(C) रामचरित मानस

(D) रामायण

78. यक्षिणी शाप के दिनों की गणना किस पुष्प से करती है ?

(A) गुलाब

(B) कदम्ब

(C) गेंदा

(D) कुटज

79. आचार्य शुक्ल ने मनुष्यों की कौन–कौन सी कोटि मानी हैं ?

(A) उत्तमकोटि

(B) मध्यमकोटि

(C) अधमकोटि

(D) उपर्युक्त सभी

80. श्रीकान्त वर्मा जी का यात्रा वृत्तान्त कौन सा है ?

(A) अपोलो का रथ

(B) रूस की यात्रा

(C) हमारी जापान यात्रा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

81. विष्णुकान्त शास्त्री जी की साहित्यिक समीक्षा ग्रन्थ कौन सी है ?

(A) चिन्तन लहरी

(B) चिन्तन मुद्रा

(C) चिन्ता की लहर

(D) चित्र

82. बालमुकुन्द गुप्त जी की रचना 'मंडेल भगिनी' किस भाषा में है ?

(A) संस्कृत

(B) हिन्दी

(C) बांग्ला

(D) पंजाबी

83. साहित्य की किस विधा से हरिशंकर परसाई जी को प्रसिद्धि मिली ?

(A) काव्य विधा से

(B) निबन्ध विधा से

(C) नाटक विधा से

(D) व्यंग्य विधा से

84. हरिशंकर परसाई की कौन सी रचना है ?

(A) बेईमानी की परत

(B) मैंने सिल पहुँचाई

(C) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. जगदीश चन्द्र माथुर जी की प्रारम्भिक शिक्षा कहाँ से हुई थी ?

(A) बुलन्दशहर

(B) खुर्जा

(C) आगरा

(D) मेरठ

86. 'मेरे पिताजी' संस्मरण में लोग किस कार्य का विरोध कर रहे थे ?

(A) पुलिस की कार्य प्रणाली का

(B) अत्याचार का

(C) भ्रष्टाचार का

(D) काउंसिल चुनाव का

87. जगदीश चन्द्र माथुर के पिताजी के अनुसार विकास के सारे रास्ते कहाँ से होकर गुजरते है ?

(A) परिवार से

(B) शिक्षा से

(C) विज्ञान से

(D) धर्म से

88. 'मेरे पिताजी' संस्मरण में लेखक के अनुसार उस समय बड़े–बड़े शहरों के शिक्षक भी किस तथ्य से अनभिज्ञ थे ?

(A) अंग्रेजी ज्ञान से

(B) परम्परागत शिक्षा पद्धति से

(C) प्रगतिशील शिक्षा पद्धति से

(D) विज्ञान से

89. 'फूहड़पन के लिए भी हैसियत चाहिए।'' किसका कथन है ?

(A) हरिशंकर परसाई

(B) विष्णुप्रभाकर

(C) रामविलास शर्मा

(D) श्रीकान्त वर्मा

90. ''यह स्थान नितांत एकांतता की दृष्टि से ही नहीं, आध्यात्मिक शुद्ध वातावरण की दृष्टि से भी इस संसार में अनुपम था।''

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस पाठसे ली गयी है ?

(A) मेघदूत

(B) छायावाद

(C) नैलंग श्रेणी की छाया में

(D) कुटज

91. मिश्र जी ने चन्दन को किसका प्रतीक माना है ?

(A) विश्व भावना का

(B) समर्पण का

(C) आत्मीयता का

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. 'मेरे पिताजी' संस्मरण में पिताजी शिक्षक का क्या स्थान स्वीकार करते है ?

(A) समाजसुधारक

(B) अच्छा नागरिक

(C) राष्ट्र–निर्माता

(D) राजनेता

93. आध्यात्मिक शुद्ध वातावरण की दृष्टि से संसार का अनुपम स्थान कौन–सा बताया गया है ?

(A) हरिद्वार

(B) गोमुख

(C) द्वारिका

(D) शिमला

94. यात्रा प्रारम्भ करते ही यात्रा दल का स्वागत किसने किया ?

(A) बारिश की हल्की बूदों ने

(B) भयंकर सर्दी ने

(C) तेज हवाओं ने

(D) गर्मी ने

95. ''जिन्दगी भर ऐसे प्रयोगों में ही उन्होंने वह अमृत रस पाया, जो काया के कष्टों और संघर्ष की आंधियों में भी उन्हें उल्लास देता था।''

उपर्युक्त पंक्तियाँ कहाँ से उद्घृत है ?

(A) मेघदूत

(B) मेरे पिता

(C) कुटज

(D) तुम चन्दन हम पानी

96. 'मेघदूत' निबन्ध में लेखक ने किस नगर का वर्णन किया है ?

(A) लंकापुरी

(B) इरावती

(C) अलकापुरी

(D) उपर्युक्त में से किसी का नहीं

97. ''बेटे को क्या पता कि वे जो कारखाने के फाटक पर भौंकते रहते हैं वे पूज्य पिता जी ही हैं।''
उपर्युक्त कथन किसका है ?

(A) हरिशंकर परसाई

(B) जगदीश चन्द्र माथुर

(C) विष्णु प्रभाकर

(D) बालमुकुन्द गुप्त

98. विद्या निवास मिश्र के अनुसार 'लोहित चंदन' में किन भावों का मिश्रण है ?

(A) तापनिवारण का

(B) अनुराग का

(C) विराग का

(D) उन्माद का

99. ''तुम चंदन हम पानी' निबन्ध का शीर्षक निबन्धकार ने किस भक्तकवि की भक्तिरचना से लिया है ?

(A) कबीरदास

(B) रहीमदास

(C) रविदास

(D) तुलसीदास

100. आचार्य नन्ददुलारे बाजपेयी जी 'रामचरितमानस' का सम्पादन करने के लिए कहाँ गये थे ?

(A) साहित्य भण्डार

(B) गीता प्रेस गोरखपुर

(C) चौखम्बा विद्या भवन दिल्ली

(D) इलाहाबाद

******

**Rough Work / रफ कार्य**

**DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which All 100 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet (O.M.R ANSWER SHEET) completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET).**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET)** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.